आई टी एल पब्लिक स्कूल
अर्द्ध वार्षिक परीक्षा (2024-25)
विषय- हिंदी

दिनांक ः सितंबर 2024 | कक्षाः चतुर्थ
समय ः 2 घंटे | कुल अंक ः 50
नाम ः | अनुकमांकः

सामान्य निर्देश- 1)इस कार्यपत्रिका में 3 पृष्ठ , 3 भाग और कुल 9 प्रश्न हैं।
2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3)सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

	भाग- क	
प्रश्न 1	निम्नलिखित वाक्यों में उचित क्रिया शब्द भरें। (क) राहुल के पिताजी ने गेंद ----------------। (ख) खाने से पहले अपने हाथ ------------ चाहिए। (ग) मैं जर्मन भाषा --------------- रहा हूँ। (घ) हलवाई ने समोसे ----------------। (ङ) हवा के --------------- से पेड़ के पत्ते हिलने लगे। (च) बच्चे को बाज़ार ______________ ।	
प्रश्न 2	दिए गए शब्दों के वचन बदलिए। (क) चुहिया (ख) गुड़िया (ग) थाली (घ) डिबिया (ङ) कविता (च) रात (छ) कलम (ज) माला	
प्रश्न 3	निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए। (क) <u>सड़क</u> के किनारे <u>बच्चा</u> बैठा था। (ख) पिताजी अपने <u>बचपन</u> में बहुत शरारती थे । (ग) <u>माँ</u> ने <u>सामान</u> खरीदने के बाद दवाई ली। (घ) नए साल की <u>सजावट</u> बहुत अच्छी थी । (ङ) आज हम <u>अक्षरधाम</u> मंदिर घूमने जाएँगे।	
प्रश्न 4	'नाव बनाओ नाव बनाओ' कविता के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखें। गुल्लक भारी, अपनी खोलो हलकी मेरी, नहीं टटोलो,	

	पैसे नए-नए ही रोलो । फिर बाज़ार लपक तुम जाओ भैया मेरे, जल्दी आओ। क) इन पंक्तियों के कवि का नाम लिखिए। ख) बालिका की गुल्लक कैसी है? ग) भैया लपक कर कहाँ जा रहा है? घ) गुल्लक में क्या है ?	
प्रश्न 5	भाग ख दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । स्वामी विवेकानंद का जन्म **12** जनवरी **1863** को कोलकता में हुआ था।इनका वास्तविक नाम नरेंद्र नाथ दत्त था।इनके पिता विश्वनाथदत्त कलकत्ता हाईकोर्ट में वकील थे और माता भुवनेश्वरी देवी धार्मिक विचारों वाली महिला थी।इनके गुरु रामकृष्ण परमहंस थे।शिकागो में इन्होंने एक सभा में अपने भाषण की शुरूआत 'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' वाक्य से की। इस वाक्य से इन्होंने अमेरिका में सबका दिल जीत लिया था।इनका अधिकांश समय भगवान शिव की पूजा में बीतता था।इन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की जो आज तक अपना काम कर रहा है।**4** जुलाई **1902** में उनकी मृत्यु हो गई। (क) स्वामी विवेकानंद का वास्तविक नाम क्या था ? (ख) इन्होंने किस मिशन की स्थापना की? (ग) इन्होंने अमेरिका में सबका दिल कैसे जीत लिया? (घ) इनके माता -पिता का क्या नाम था? (ङ) गद्यांश में से समानार्थक शब्द ढूँढे। ईश्वर दिल	
प्रश्न 6	दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए। (क)संतुष्ट (ख) छक्के छूटना (ग) भड़कीली (घ) घड़ों पानी पड़ना	
प्रश्न 7	किसने ,किससे कहा? (क) संसार का केंद्र कहाँ है? (ख)कैसी अकल है तुम्हारी।	

प्रश्न 8	नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (क) कवि ने किस चीज़ को खोट बताया है और क्यों? (ख) आकाश में कितने तारे हैं इसके उत्तर में बीरबल ने क्या कहा? (ग) नसीरूद्दीन ने हुसैन साहब का परिचय कैसे करवाया? (घ) 'दोस्त की पोशाक' कहानी आपको कैसी लगी? (ङ)सवाल पूछकर ख़्वाजा सरा क्या साबित करना चाहते थे?	
प्रश्न 9	निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें। राष्ट्रीय पक्षी मोर या शीत ऋतु	